बालक को विनयवान एवं गुणवान बनाने के लिए

2

JAINISM WITH ART

कला द्वारा संस्कार सिंचन

अनुयोगाचार्य श्री नयचंद्रसागरजी म.सा. के शिष्य
मुनि श्री सुमतिचंद्र सागरजी म.सा.

मोक्षगति Mokshagati

100	99	98	97	96	95	मोबाइल -24	93	92	91
81	82	-36 रात्रिभोजन	84	85	+13 प्रतिक्रमण	87	88	89	मांस-मदिरा -24
80	79	78	77	76	75	74	73	72	71
61	62	63	-30 कंदमूल-अभक्ष्य	65	66	67	68	-24 चोरी	70
60	जिनपूजा +20	58	57	56	55	होटल -20	53	52	51
41	42	43	T.V. -27	45	46	47	48	49	नवकारवाली +18
40	वडीलोकी सेवा +21	38	37	36	35	34	पाठशाला +14	32	31
21	सामायिक +15	23	24	लडाइ-झगडा -14	26	27	28	29	30
20	19	18	17	16	15	गरीबको दान +13	13	12	11
START	2	+18 गुरुवंदन	4	5	6	7	मा-बापको प्रणाम +25	9	10

प्रिय बच्चो ! सब बच्चे मोक्ष की और आगे बढ रहे है, किंतु उनको मालुम नहि कि कौनसी प्रवृत्ति करने से मोक्ष की नजदीक जाते है और कौन सी प्रवृत्ति करने से मोक्ष से दुर जाते है । उस बात को समजने के लिए 'मोक्षगति' रखी है, ये गेम एक साथ २-४ बालक खेल सकते है । एक के बाद एक को बारी खेलना । पास मे जीतने अंक गिरे उतने कदम चलाना । सब मे पहेले छे गिरे उसके बाद अपनी कोडी चलाना । जीस नंबर से जीतने + (प्लस) आए उतने कदम आगे बढना और जीतने - (माइनस) आए उतने कदम पीछे हटना और ध्यान रखना कौन सी प्रवृत्ति से मोक्ष की नजदीक या दूर जाते है । बराबर !

बालक को विनयवान एवं गुणवान बनाने के लिए

JAINISM WITH ART

कला द्वारा संस्कार सिंचन

Year 1st | **Edition 2nd** | **(Continuous edition 2nd)**

બીજ નાનું હોય છે પણ મોટું વટવૃક્ષ બની શકે છે.
બાળકો નાના છે પણ મહાનસંત સમાજસેવક
કે રાષ્ટ્રનેતા બની શકે છે.
નાના ભૂલકાઓના નાના શરીરમાં
છુપાએલી વિરાટ શક્તિને કેન્દ્રમાં રાખીને
કલા દ્વારા સંસ્કાર સિંચન અભિયાન ચાલે છે.
આ સત્સંસ્કાર યોજના દ્વારા...
કોઈ વજ્રસ્વામી કે અઈમુત્તા અને
ભગતસિંહ કે સુભાષચંદ્ર બોઝ અને
પરહિત ચિંતા કરનાર સાચા સમાજસેવક
બને તેમાં આ કાર્યની સફળતા છે.
બાળમ! શુભભાવ સાથે સંકલ્પ
કરજો કે... ધર્મ-સમાજ કે રાષ્ટ્ર માટે
કાંઈક કરીને જ રહીશ...
સંસ્કારી જીવનમાં આગળ વધો... વધાવો..
નય શુભ આશિષ: સાથે

નયચંદ્રસાગર

-: प्रेरणा :-

वर्धमान तपोनिधि, शासन प्रभावक
अनुयोगाचार्य श्री नयचंद्रसागरजी म.सा.

-: मार्गदर्शक :-

मुनि श्री ऋषभचंद्रसागरजी म.सा.

-: संयोजक :-

मुनि श्री सुमतिचंद्रसागरजी म.सा.

-: प्रकाशन :-

पूर्णानंद प्रकाशन

सूचना :
किसी को भी इन पुस्तको की प्रभावना करनी हो या नये सदस्य बनना हो तो नीचे दीए गए एड्रेस पर संपर्क करे। १ से ४ अंक की परीक्षा ली जायेगी इसलिए पुस्तक संभालकर रखे।

Instruction :- An Exam will conducted regarding 1 to 4 Edition joining so please keep this book safly.

महाराष्ट्र विभाग

मुलुंड - भूपेन्द्रभाइ	98202 93269
बोरिवली - धरणेन्द्रभाइ	98925 51590
मलाड - दिपकभाइ	98202 44742
घाटकोपर - रुपेशभाइ	93222 31001
माटुंगा - रसीलाबेन	97574 05993
डोंबिवली - भावेशभाइ	90291 64654
पायधुनि - कल्पेशभाइ	93245 23382
दादर - हस्तिकाबेन	98928 88966
अंधेरी - झवेरबेन	98334 94959
गोरेगांव - पींकीबेन	99695 45565
भायंदर - गौरवभाइ	98331 39883
भायखला - रसिलाबेन	93211 04850
चोपाटी - मुकेशभाइ	93222 78552
वालकेश्वर - भाविकभाइ	98211 66679
पार्ला - बीनाबेन	98332 90137
थाणा - रमेशभाइ	98197 42920
पूना - संदिपभाइ	94225 12059
नासिक - राकेशभाइ	97300 11110
बेंगलोर - हर्षिलभाइ	99000 15784

गुजरात विभाग

सुरत - विपुलभाइ	98241 02051
सुरत - देवांगभाइ	97268 25745
वडोदरा - विपुलभाइ	98980 61823
वडोदरा - आकाशभाइ	94274 60140
अमदावाद - संजयभाइ	93753 37141
अमदावाद - कौशिकभाइ	93279 95499
उंझा - विजयभाइ	99250 11774
महेसाणा - भावीनभाइ	98792 18081
नवसारी - विजयभाइ	98245 78904
राजकोट - प्रकाशभाइ	93741 02061
जामनगर - निशीतभाइ	94299 41554
पालनपुर - जगदीशभाइ	94293 61149
वलसाड - धर्मेशभाइ	94277 86683
गोधरा - केतनभाइ	93277 11077

ऍम.पी. विभाग

श्री नवकार परिवार (सम्यग् ज्ञान विभाग)

अमीतभाइ मुणत	98272 75740
प्रविणभाइ गुरुजी	94259 04078

Pathshala

Pathshala is the base of our life.
We should go to Pathshala daily.
We get the true knowledge in Pathshala.
We learn good manners in Pathshala.
We get good friends in Pathshala.



Pathshala's knowledge teaches us respect.
Pathshala's knowledge teaches us discipline.
Pathshala's knowledge teaches us humbleness.
Pathshala's knowledge teaches us religion.

We get to listen good stories in Pathshala.
We sing songs in Pathshala.

Pathshala teaches us not to go in cinemas and hotels.
Pathshala teaches us not to eat roots like Potato, Onion, Garlic, Junk Foods etc.
Pathshala teaches us to speak good and healthy words.
Pathshala teaches us to give respect to our parents, elders etc.
Pathshala is the storage of many good qualities.
Pathshala is the saver/rescuer of many people.
Pathshala save us from many evils.
Pathshala teaches us many good works.
That's whychildren you will also go to
Pathshala daily !



Don't do any noise in Pathshala.
Don't do any mischief in Pathshala.
Don't talkwith anybody in Pathshala.
Do study in Pathshala.
Study with true heart.
Always study silently.
Do respect of your teacher.
Study as your teacher says.

पाठशाला

पाठशाला जीवन का आधार है ।

पाठशाला रोज जाना चाहिए ।

पाठशाला मे सच्चा ज्ञान मिलता है ।

पाठशाला मे अच्छे संस्कार मिलते है ।

पाठशाला मे अच्छे मित्र मिलते है ।

पाठशाला का ज्ञान विनय सिखाता है ।

पाठशाला का ज्ञान अनुशासन सिखाता है ।

पाठशाला का ज्ञान नम्रता सिखाता है ।

पाठशाला का ज्ञान धर्म सिखाता है ।

पाठशाला मे अच्छी अच्छी कहानियाँ सुनने को मिलती है ।

पाठशाला मे अच्छे अच्छे गीत गाने को मिलते है ।

पाठशाला होटल मे, सिनेमाघर मे नहि जाना सिखाती है ।

पाठशाला कंदमूल, अभक्ष्य नही खाना सिखाती है ।

पाठशाला हित, मीत पथ्य वचन बोलना सिखाती है ।

पाठशाला मॉ-बाप, वडील और गुरुजी का विनय करना सिखाती है ।

पाठशाला अनेक गुणो का खजाना है ।

पाठशाला अनेक जीवो की उद्धारक है ।

पाठशाला अनेक पापो से बचाती है ।

पाठशाला अनेक कार्य सिखाती है...

इसलिए बच्चो ! रोज पाठशाला जाना चाहिए ।



पाठशाला मे शोर मत मचाना ।

पाठशाला मे शरारत मत करना ।

पाठशाला मे बाते मत करना ।

पाठशाला मे पढाइ करना ।

पाठशाला मे मन लगाकर पढाइ करना ।

पाठशाला मे शांत बैठकर पढाइ करना ।

पाठशाला मे गुरुजी का विनय करना ।

पाठशाला मे गुरुजी पढाये वैसे पढना ।

The Puniya Sravak

In the "Rajgruhi Nagri" Bhagvan Mahavir spent 14-14 Chaturmas. In that nagri there were lots of Shravak-Shravikas who were follower of Bhagvan Mahavir. This is the nagri which has become religious because of Bhagvan Mahavir's preachings.

In this "Rajgruhi Nagri" there was a king names "Shrenik" who was a great follower of Lord Mahavir. Wherever Lord Mahavir used to go, in that direction he used to do sathiya of 108 Suvarna Akshat. Showing his overwhelming Bhakti for Lord Mahavir. Because of his Bhakti he got "Tirthankar Naam Karma".

Before he became great follower of Lord Mahavir he had the bad habit of hunting animals in the forest. Once he went to forest for hunting. There he saw a deeress who was pregnant. King Shrenik removed his arrow and placed the arrow in the direction of deeress & the arrow pierced in the deer's stomach and killed it. As the deeress was pregnant, the baby in his stomach was also killed. seeing this scene, King Shrenik was so happy and he started praising himself,"With one arrow, I killed two of them." Again & again praising his art of hunting,King Shrenik made his way to hell (Narak).

Once in the forest,he met jain young muni named "Anathi". After getting preaching from that great muni, he got samyaktva and then he met Bhagvan Mahavir & became a great follower of Bhagvan Mahavir. One day he asked God " Where he will go after his death." God said to Shrenik that you will go to hell after your death.

He said to God," I don't want to go to hell as there is lot of suffering in the hell. I want be able to tolerate that terrible suffering. so let me know the way to avoid it."

His habit of hunting has made his way to hell. One day he asked " God ! I don't want to go to hell so let me know the way of avoiding it." for which god replied " Shrenik, there is a person in your nagri who does samayik everyday, if you get fruit of atleast one samayik of that person, it will help you to avoid your way to hell." After listening this he went to that persons house. He was earlier a rich person. He had a seven floor bunglow with several servants. Once he had heard from god that "Collecting lot of thing in life is sin." He was afraid of sin as he believed that it brings unhappiness, unhealthiness and wealth away. So he sacrificed all his luxuries and live in a small hut with his wife. They use to prepare cotton buds to earn their daily living. They never worried about tomorrow as they believed that "worries bring unhappiness and no worries bring happiness." They were very much satisfied with what they had so they earned that only which was needed in the rest time they did samayik.

"Shrenik went to that Shravak and requested him to give benefits of Samayik." Shravak replied him that you don't get the benefits of samayik so easily. first you should know the importance of samayik ! as who does good deeds gets benefits of it."

Shrenik come to lord asked god the benefits of samayik. Lord Mahavir said that," we cannot measure the benefits of samayik." It is more precious than your kingdom. Even if we donate so many gems as Meru mountain it cannot be compared to the benefits of one samayik. In front of samayik, King's kingdom seems to be faded because samayik is done to get peace for your soul and so it cannot be compared to a thing like money. King praised the Shravak and went back home.

Moral : Children ! Did you understood, how much one samayik is beneficial for us ! So do atleast one samayik daily (1) have fear of doing sin (2) Be satisfied in your life (3) Don't become sad in your life (4) if at all your sad don't get tensed.



1 - The Puniya Shravak पुणियो श्रावक

पुणिया श्रावक

राजगृही नगरी जहाँ परमात्मा महावीर भगवान के १४-१४ चातुर्मास हुए। उस नगरी मे भगवान महावीर के उपासक श्रावक-श्राविका रहते थे। भगवान महावीर के चरणो की रज से पावन-पवित्र राजगृही नगरी थी। उस राजगृही नगरी मे एक श्रेणिक नाम का राजा राज करता था। वह परमात्मा का परम भक्त था। प्रतिदिन भगवान जिस दिशा मे विचरते थे उस दिशा मे वह १०८ सुवर्ण अक्षत से साथिया करता था और परमात्मा की उत्तम भक्ति करता था। भक्ति के कारण उसने तीर्थंकर नामकर्म का बंध किया। वह परमात्मा का भक्त था उससे पहले वह बडा हिंसक राजा था। जंगलो मे जाकर प्राणीओ का शिकार करता था। एक बार जंगल की ओर शिकार के लिए निकला था तब उन्हे एक हिरणी दीखी। वह गर्भवती थी। तुरंत ही राजा ने बाण निकालकर निशान बनाया। वह बाण सीधा हिरणी के पेट मे लगा। उसके कारण वह हिरणी तो मरी साथ मे उसके पेट में जो बच्चा था वह भी तडप तडपकर मर गया। उस द्रश्य को देखकर श्रेणिक खूब आनंदित हुआ...एक तीर से दो निशान...इस तरह बार बार खुश होने के कारण उसी समय श्रेणिक ने नरक के आयुष्य का बंध किया। फिर एक बार जंगल में अनाथी मुनि का समागम हुआ। उनके समागम के कारण श्रेणिक को सम्यक्त्व की प्राप्ति हुइ और बाद मे भगवान महावीर मिले। बस तब से भगवान की बहुत भक्ति करता था।

एक बार श्रेणिक ने भगवान से पूछा,"भगवन् ! मै मरकर कहां जाउंगा ?" तब भगवान ने कहा,"श्रेणिक ! तु मर कर नरक मे जाएगा। हिरणी का शिकार करने के कारण तूने नरक के जाने के पाप का बंध किया है।" तब फिर राजा ने पूछा की," हे प्रभु ! मुजे नरक मे नही जाना है, वहाँ बहुत भयंकर दु:ख होते है। मै उन दु:खो को सहन नही कर पाउंगा, इस लिए आप मुझे नरक मे न जाने का कोइ उपाय बताओ। प्रभु ने कहा," श्रेणिक तेरी नगरी मे पुणिया नाम का श्रावक रहता है, वह बहुत सामायिक करता है। उसकी एक सामायिक का फल तुम प्राप्त कर लो तो तुम्हारी नरक तूट जाएगी।" भगवान की बात सुनकर राजा तुरंत पुणिया श्रावक की झेपडी मे गया, जो पहले बहुत ही धनवान था। जिसकी सात मंझिल की हवेली थी और सेवा करने के लिए कइ नौकर-चाकर थे, उसने भगवान के मुख से सुना था की "संग्रह पाप है", उसे पाप का बहुत डर था क्योंकि पाप से दु:ख, रोग और गरीबी आती है, इसलिए वह पैसा, गहने, हवेली और नौकर-चाकर का त्याग करके अपनी पत्नी के साथ एक झेपडी मे रहने लगा। श्रावक और उनकी पत्नी रुइ की पुडी बेचकर अपनी रोजी रोटी खाते और कल की चिंता भी नही करते थे क्योंकि उनका मानना था की 'जो चिंता करे वह दु:खी, चिंता न करे वह सुखी।' उनके जीवन में कमाने की भाग दौड नही थी क्योंकि वह मन से बहुत संतुष्ट रहता था। जितनी जरुरत होती उतनी ही कमाइ करता था और बाकी के समय मे सामायिक करके पुण्य कमाता था।

श्रावक के पास जाकर श्रेणिक ने हाथ जोडकर सामायिक का फल मांगा। तभी श्रावक ने कहा,' महाराज ! सामायिक का फल ऐसे ही नही मिलता। पहले भगवान के पास जाकर सामायिक का मूल्य जानीये...जो धर्म करते है उन्ही को धर्म का फल मिलता है।" राजा ने प्रभु से सामायिक का मूल्य पूछा। भगवान श्री महावीर ने कहा कि सामायिक का मूल्य मापा नही जा सकता। वह तुम्हारे राज्य से भी ज्यादा किंमती है। 'मेरु पर्वत जितने रत्न दान से जो पुण्य होता है वह एक सामायिक के पुण्य बराबर भी नही गिना जा सकता है।

सामायिक के सामने राजा का खजाना भी फिका पड गया क्योंकि धन संपत्ति तो नाशवंत है, जड है, सामायिक तो आत्म धर्म है जिसकी तुलना जड वस्तु से नही हो सकती। राजा श्रावक को मन ही मन वंदन करके राजमहल की तरफ चले गए।

बोध : ***बच्चो ! देखा एक सामायिक का फल कितना है ? तो रोज एक सामायिक अवश्य करना (१) पाप का डर रखना (२) जीवन मे संतोष रखना (३) दु:खी नही होना (४) अगर हो तो व्यर्थ की चिंता मत करना।***

Mind of Child

5 types of Gyan shown in Nandisutra. Out of which Matigyan is one of them and the four types of Matigyan are as follows:

1) Autpatiki Mind : Instant answering mind according to the circumstances.
2) Karmiki Mind : come by doing the same thing again & again (Carpenter-Porter etc. doing the family business)
3) Vainiki mind : Serving and respecting the saints and teachers due to which knowledge - increases.
4) Parinamiki Mind : One who mature with passage of time.

In the Nandisutra for the autpatiki mind there is an ideal example of Rohak and similar to this there is another example of child who is small but the mind is like you all. There was one village. small but very beautiful There was a beautiful garden and therefore many king of other states used to come ones overhere. Once a king met a 10 year Boy. The clothes of child · dirty and torned out but the face was shining...The Shining face attracted one & all. King saw him and was pleased. He told him to travel forest with him.

The king asked the child,"Oh child, there is a mountain outside the village and so can you move it in one direction for 10 miles. The child replied immediatly,"Oh King, yes I can." The king said,"I will give you 100 gold coins. Tell me How." The child said my responsibility is to move the mountain so first you need to move the trees on the mountain, animals eating the food on the mountain and then I can move the mountain.

The king was surprised with the child's reply. The king asked another question. Can you tell me the names of ancestors of my family without asking anyone ? The child said," Oh King, yes I can. The names of 3 ancestors are goods while the names of others are humours. If you say I will start speaking." With the fear or criticism the king said no. The king then asked please tell me the Mid Point of this earth? The child said your seat is the Mid Point of the earth. If you do not believe then measure this earth yourself.

The King was pleased with answers of the boy and asked last question," Can you drink the water of sea like Agastya rishi ?" The child Said,"Yes I can drink but you need to stop water coming from the river. The child laughed.

The king was pleased with the brain of the child and gave him 500 gold coins. He was provided with education and managerial post of his state when he grew up.

Moral : Children ! How did you find the mind of the small child ? Helping the saints-respecting the books can help achieve such mind and disrespecting books leads to deafness, dumbness etc. So never disrespect the books.



2 - Mind of Child बालक की बुद्धि

बालक की बुद्धि

जैन धर्म मे नंदीसूत्र नाम के आगम मे ज्ञान के पांच प्रकार बताए है, उनमें मतिज्ञान के विभाग मे चार प्रकार की बुद्धि बताइ है ।

१) औत्पातिकी बुद्धि : प्रसंग आने पर तुरंत ही उत्तर आ जाए ।
२) कार्मिकी बुद्धि : बार बार काम करने से आती है । (सुथार-लुहार आदि बाप-दादा के धंधे करते)
३) वैनयिकी बुद्धि : गुरु-शिक्षक आदि का विनय करने से ज्ञान आता है - बढता है ।
४) पारिणामिकी बुद्धि : उंमर बढने पर बुद्धि की परिपक्वता बनती है । (जैसे की बुड्ढे आदमी)

नंदीसूत्र मे औत्पातिकी बुद्धि पर रोहक का कथानक है और उसके जैसा ही दुसरा कथानक एक छोटे बालक का है। बालक छोटा है, किंतु कैसी बुद्धि है, क्या आपकै जैसी ? देखो !

एक गाँव था । छोटा था किंतु सुंदर था, सुंदर उद्यान था । इस लिए कभी कभी नगर के राजा घूमने के लिए वहाँ आते थे । एक बार राजा को रास्ते मे तकरीबन दस साल का एक बालक मिला । बालक के कपडे फटे थे, मेले थे, किंतु मुख पर तेज दिखाइ दे रहा था । उसका प्रभावी मुख सब को आकर्षित करता था । राजा भी उसको देखकर खुश हो गया । बच्चे को साथ राजा को घूमने की इच्छा हो गइ ।

राजा ने बालक को वन मे प्रश्न किया,"बच्चे ! तेरे गाँव के बाहर जो बडा पर्वत है, उसको तु एक दिन में १० माइल दूर हटा सकता है क्या ?" बालक ने उत्तर दिया,"जी राजन् ! हटा सकता हूँ । इसमे कौन सी बडी बात है !" बच्चे ने चतुराइ के साथ उत्तर दिया, इसलिए तुरंत राजा ने कहा की अगर हटा देगा तो मै तुझे १०० सोनामहोर इनाम में दुंगा । बच्चे ने कहा,"राजन् मेरी जिम्मेदारी केवल पर्वत को खिंचने की है, लेकिन पहले आप पर्वत मे रहे पेड, घास, चरते पशु और झरने को आप हटा दो, फिर मै पर्वत को आराम से हटा दुंगा ।"

राजा तो बालक का जवाब सुनकर मुग्ध हो गया । राजा ने दूसरा सवाल किया," ए बच्चे ! तुं किसी को भी पूछे बिना हमारे वंश के नाम कह सकता है ?" बालक ने कहा,"जी राजन् ! कह सकता हूं, आपकी तीन पिढी के नाम अच्छे है बाकी के नाम दुनिया मे हास्यपात्र है, आप आज्ञा दे तो कहुं । " बेइज्जत होने के भय से राजा ने मना कर दिया । फिर राजा ने तीसरा सवाल पूछा,"इस धरती का मध्यबिंदु ढुंढ सकते हो ?" तो बालक ने कहा," जी राजन् ! आपके सिंहासन का जो मध्यबिंदु है वही इस धरती का मध्यबिंदु है ।अगर यकीन न हो तो आप खुद ही सिंहासन के दोनो ओर की पृथ्वी को माप कर देख लो । "

राजा तो बालक के जवाब सुनकर बालक की बुद्धि पर खुश हो गया । राजा ने आखिरी सवाल किया," अगत्स्य ऋषी की तरह तु समुद्र का पूरा पानी पी सकता है ?" बालक ने कहा," जी राजन् ! किंतु मुझे केवल समुद्र का पानी पीना है इसलिए आप उसमे प्रवेश करती हजारो नदीओ के पानी को रोक दीजीए, फिर मे समुद्र का पानी पी लुंगा । बालक ने हंसते हुए जवाब दिया ।

राजा हजारो नदीयो का पानी रोक नही सकेगा, और बालक को पानी भी नही पीना पडेगा । राजा गाँव के इस बालक की बुद्धि पर अति प्रसन्न हो गए । ५०० सोनामहोर देकर उसका बहुमान किया । उसकी राजदरबार की और से पढने की व्यवस्था की और बडा हुआ तब उसे अपने राज्य का मंत्री बनाया ।

बोध : बच्चो ! छोटे बच्चे की बुद्धि कैसी लगी ? आपको भी ऐसी बुद्धि चाहिए ?

गुरुसेवा-विनय-पुस्तक आदि का बहुमान करने से ही ऐसी बुद्धि प्राप्त होती है । ज्ञान की आशातना करने से बहेरे, गुंगे, तोतले, मंदबुद्धि होते है, इसलिए ज्ञान की आशातना न करे ।

Known elements to become Jain

1. **What are the number of components of Samayik ?**
   a) 3 b) 4
   c) 5 d) 6
2. **Out of Eight Karmas, Which is King Karma ?**
   a) gnanavarniya b) Vedniya
   c) Mohniya d) Aayushya
3. **Which sadhu got kevalgyan doing Iriyavahiam ?**
   a) Khandhak Muni b) Aaimutta Muni
   c) Nagdatta Muni d) Arnik Muni
4. **What is the number of Atishaya of Arihant Bhagwan ?**
   a) 35 b) 34
   c) 36 d) 33
5. **What is Number of Living beings killed by pressing one electric switch of Mobile ?**
   a) Sankhyata b) Asankhyata
   c) Ananta d) Zero
6. **Who did Ayambil for 60,000 years when not allowed to take diksha ?**
   a) Sulsa Shravika b) Sundari
   c) Chandanbala d) Damyanti
7. **What is the time period of Updhan Tap ?**
   a) 45 b) 46
   c) 47 d) 48
8. **Which God's temple was the first temple in Mumbai ?**
   a) Aadinath b) Shantinath
   c) Parshwanath d) Mahavirswami
9. **Which entering 'Jain Temple' or 'Upashray' what you need to say ?**
   a) Namo Jinanam b) Nisihi
   c) Avashahi d) Mathen Vandami
10. **Who made 'Jagchintamani' Sutra ?**
    a) Bhadra Bahu Swami b) Gautam Swami
    c) Mandev Suri d) Mahavir Swami
11. **Bhagwan Mahavir had how many Gandhars ?**
    a) 9 b) 10 c) 11 d) 12
12. **Which place did Adinath Bhagwan came 99 purvas times?**
    a) Sametshikhar b) Ashtapad
    c) Siddhachal d) Champapuri

Known elements to become Jain - Edition 1st Answer :

(1) c (2) b (3) a (4) c (5) c (6) a (7) b (8) b (9) b (10) b (11) d (12) c

तत्त्व जानकर जैन बनो

१) **सामायिक के उपकरण कितने है ?**

अ) ३ ब) ४

क) ५ ड) ६

२) **आठ कर्मो मे कौन सा कर्म राजा है ?**

अ) ज्ञानावरणीय कर्म ब) वेदनीय कर्म

क) मोहनीय कर्म ड) आयुष्य कर्म

3) **इरियावहीया करते करते कौन से गुरु भगवंत को केवलज्ञान हुआ ?**

अ) खंधकमुनि ब) अइमुत्ता मुनि

क) नागदत्त मुनि ड) अरणिक मुनि

४) **अरिहंत भगवान के अतिशय कितने है ?**

अ) ३५ ब) ३४

क) ३६ ड) ३३

५) **इलेकट्रीक का एक बटन दबाते ही कितने जीव मरते है ?**

अ) संख्याता ब) असंख्याता

क) अनंता ड) एक भी नही

६) **दीक्षा लेने की मना की तो किसने ६०,००० साल तक आयंबिल किये ?**

अ) सुलसा श्राविका ब) सुंदरी

क) चंदनबाला ड) दमयंती

७) **उपधान तप कितने दिन का होता है ?**

अ) ४५ ब) ४६

क) ४७ ड) ४८

८) **मुंबइ मे सर्वप्रथम जिनालय कौन से भगवान का बना था ?**

अ) आदीनाथ भगवान ब) शांतिनाथ भगवान

क) पार्श्वनाथ भगवान ड) महावीरस्वामी भगवान

९) **देरासर एवं उपाश्रय मे प्रवेश करते समय कया बोलना चाहिए ?**

अ) नमो जिणाणं ब) निसिही

क) आवस्सही ड) मत्थएण वंदामि

१०) **जगचिंतामणी सूत्र की रचना किसने की ?**

अ) भद्रबाहुस्वामीजी ब) गौतमस्वामीजी

क) मानदेवसूरिजी ड) महावीरस्वामीजी

११) **महावीर भगवान के कितने गणधर है ?**

अ) ९ ब) १० क) ११ ड) १२

१२) **आदिनाथ भगवान किस जगह पूर्व नव्वाणु वार पधारे थे ?**

अ) सम्मेतशिखर ब) अष्टापद (३) सिद्धाचल (४) चंपापुरी

तत्त्व जानकर जैन बनो – प्रथम अंक के जवाब :

(१) क (२) ब (३) अ (४) क (५) क (६) अ (७) ब (८) ब (९) ब (१०) ब (११) ड (१२) क

Alone Saint

King Shrenik was the king of state of Magadh. He was the follower of Lord Mahavir. But this incident occured before he met Lord Mahavir.

Once King was travelling with his army through horse riding. He reached a garden named Mandikukshi. He saw a saint under a tree. The saint was meditating. His face was shining and seeing this king was surprised.

The king was thinking that what would have happened to this saint which led him to give up this enjoyful youth and undertake such hardships. Didn't he had enough wealth. Didn't he had family. Didn't he get respect. All the above questions were asked by the king to the saint.

"Sir, in this enjoyable youth why have you taken up this life of hardships. seeing your shining face and young age, I asked such question. Why did you leave wealth, enjoyment, relatives and the worldly things in such a young age ?"

The saint said in a sweet voice," Oh King ! I am alone in this world. There was no one to save me like a good friend, a protector or a good person in this world so I decided to leave this world."

The king was stunned after hearing all this. He said," Oh Saint ! if you are alone then I will become your protector. Since I have lot of wealth with me, you can use them at your own will. As I will accompany you, good people, friend will come to you. Oh Saint, I am your Lord, so now leave this hardship and come with me."

Listening to the talks of king Shrenik the saint laughingly said ," You yourself are alone then how can you become my Lord? I am the son of the prosperous family of Kaushambi. Like you I had lots of wealth. but once my eyes were paining and due to which my entire body was suffering. The suffering became intense and I was not able to cope up with it. The medicines of the doctor, wealth of my father and love of my mother could not reduce my suffering. Wife and brother even could not do anything other then consoling me and crying. This is how I was alone.

Therefore I accepted the religious hardships so that I can cope up with such sufferings. In the night just had a thought that if the pain stops there I will accept the religious hardships. Just after the thought the pain got reduced and in the morning I was released from all the pains. Then on the same day I took Diksha and I got a Lord named Mahavir."

Hearing the saint, King Shrenik realized the truth of life. He got engrossed in thinking about his own soul and realized the truth. Thus he wanted to bow down to the lord of the world Lord Mahavir.King went with his family to bow down to Lord Mahavir. Just saw Lord for the first time and Lord made his place in the hearts of the king and accepted Mahavir as his Lord. The saint undertook all the activities of a saint and received salvation (Moksha)

Moral : Children ! 1) The sorrow of the world comes with the things done by us and no one can save from them. Peace of mind is received only with the blessings of religion. 2) The words of Gurudev all fine therefore keep faith in religion. Bow down to Guru, Listen to him everyday.



3 - Alone Saint अनाथी मुनि

अनाथी मुनि

मगध देश के राजा श्रेणिक थे, वह भगवान श्री महावीरस्वामी के परम भक्त थे । किंतु प्रभु मिलने से पहले का यह प्रसंग है । एकबार अश्व पर बैठकर घुमने के लिए वन मे सैन्य के साथ निकले थे । मंडिकुक्षी नाम के उद्यान मे पहुंचे । तब इस उद्यान मे एक वृक्ष के नीचे पद्मासन लगाकर बैठे हुए एक मुनि को देखा । मुनि ध्यान मे बैठे हुए थे,, उनकी मुखमुद्रा प्रसन्न थी, उनके तेजस्वी ललाट एवं रमणीय रुप देखकर श्रेणिक महाराजा आश्चर्य मे पडे ।

मन मे विचारने लगे, इस युवा मुनि को संसार मे ऐसा तो कौन सा आघातजनक अनुभव हुआ की जिसके कारण जवानी का आनंद लेने के बदले साधु धर्म का (त्याग मार्ग) स्वीकार किया ? क्या उनके पास संपत्ति नही है ? क्या उनका कोइ परिवार नही है ? क्या उनको मान-पान नही मिला होगा ? मगध महाराजने मुनिवर को प्रणाम कर मुनिवर को प्रश्न पूछा, "मुनिराज ! आपने भर जवानी में संसार के सुख छोडकर कष्टमय जीवन वाली दीक्षा कयों स्वीकारी ? आपकी तेजस्वी कंचनवर्णी काया और तरुण वय देखकर मुझे प्रश्न हुआ है । छलकती युवानी मे संसार, संपत्ति, मौज शोक, स्नेहीजन का त्याग क्यों किया है ?

मुनि ने मधुर स्वर मे कहा," हे राजन् ! इस संसार में मै अनाथ था, मुजे बचानेवाले मित्र, रक्षक एवं स्वजन न थे इसलिए मैने संसार का त्याग किया ।" राजा श्रेणिक बात को सुनकर चौक गए । हँसते हँसते बोले," मुनिवर ! यदि आप अनाथ हो तो मैं आपका नाथ बनूंगा । मेरे पास अपार समृद्धि-संपत्ति है, आपकी इच्छानुसार मौज-शोक कर सकते हो । में आपका नाथ बनूंगा इसके कारण आपके स्वजन, स्नेही, मित्र, संबंधी सामने चलकर आएंगे । मुनिराज ! मे तुम्हारा नाथ हूं, साधुताको छोडकर मेरे साथ विशाल राज्य मे पधारो ।"

श्रेणिक राजा की बात सुनकार मुनिराज हँसते हँसते बोले,"सम्राट ! आप खुद ही अनाथ हो तो फिर आप कैसे मेरे नाथ बनोगे ? जरा ध्यान से सुनिये, मै कौशांबी नगरी के संपन्न श्रेष्ठी का पुत्र हुं । आपकी तरह मेरे पास भी अपार संपत्ति, समृद्धि थी । किंतु एक बार मेरी आंख मे पीडा उत्पन्न हुइ और शरीर के सभी अंगो मे दाह होने लगा । दाह बढता गया, सहन न हो सके इतना दाहज्वर रोग हुआ । वैद्य की दवाइ, पिता की संपत्ति, माँ का वात्सल्य भी मेरी पीडा को कम न कर सका । पत्नियाँ, भाइ, बहन भी निष्फल गये, केवल सांत्वन एवं रोने के बिना उनके पास कुछ नही था, ऐसी मेरी अनाथता थी कि इस अनाथता और वेदना से मुक्त होने के लिए मैने धर्म का शरण स्वीकारा । रात को ऐसा संकल्प किया कि यदि आज रात को मेरी वेदना मिट जाए और मै स्वस्थ हो जाउ तो इस संसार को मै कल ही छोड दूंगा । बस उस समय से मेरी वेदना कम होने लगी । सुबह होते तो मे बिल्कुल निरोगी हो गया । उसी ही दिन मैने दीक्षा अंगीकार की । मेरे जैसे अनाथ को भगवान महावीर जैसे नाथ मिले ।

अनाथी मुनि के उपदेश द्वारा श्रेणिक महाराजा को सत्यता का अहेसास हुआ । राजा आत्म चिंतन मे डुबे और सम्यक्त्व की प्राप्ति की । अनंत करुणावाले और सकल विश्व के स्वामी श्री महावीर प्रभु को वंदन करने की पिपासा हुइ । श्रेणिक महाराजा परिवार के साथ प्रभु को वंदन करने गये । पहली बार ही प्रभु के दर्शन किये और आत्मशांति हुइ । हृदय मे प्रभु को बिराजमान किया । प्रभु को नाथ बनाया । अनाथी मुनिने संयमधर्म की आराधना कर के मोक्ष प्राप्त किया ।

बोध : बच्चो ! संसार के दुःख, दर्द कर्म के उदय से आते है, तब आसपास रही हुइ सुख-समृद्धि कुछ भी नही कर सकती है । धर्म और प्रभु का शरण ही शांति एवं समाधि देता है ।

गुरु के दर्शन से / उपदेश से प्रभु का सत्य मिलन होता है, इसलिए धर्म पर श्रद्धा रखो, प्रतिदिन गुरुवंदन करने जाने का आग्रह रखो.

Fruit of Doing Wrong Things...

There was a village. The king of that village was very loyal. But there were three thieves in that village. They used to live their life by robbering rich man's house. Habit of robbery is bad as it makes your life unhappy and even it being's death in your life. It also gives hell or tiriyanch gati in another bhav i.e.it gives durgati (bad life) in your next bhav(Life). The same thing happened with these robbers.

One night they did robbery in one rich man's house. In that robbery they get lot of rupees then they had got in their other robberies. They put all that rupees in a big bag and ran to the forest. But in the forest how they can get any food. So they decided that one of us will go to the nearest village and will bought food and other two will stay in the forest and will look at the rupees. The thief that went for food had an evil idea. He eat his food at a hotel. Then he bought food for his two mates in the forest. He mixed a strong poison with the food. Then he said,: You foolish, now eat this food and die. Then I will get all money for myself."

This side in forest that two thieves decided that when he will come with food at that time we will kill him and would divide the money between us. "Someone had said right." The food you eat you have the same thought you get in your mind" the money from the robbery makes think of killing someone.

This side both the thieves were waiting and thought that," He had taken more time. Why don't he come till now ? After sometime the man who had gone to village to take food. came to the thieves who were sitting in the forest. After he gave food items to them. When he went to sit suddenly both of them attacked upon him and killed him. The man screamed that " Somebody save me, somebody save me" but who will help him in the forest. After sometime he died. They both sat for eating food.

As they started eating the poisonious food, the poison started its effect in few time. They became serious and they started vomiting. their body become green and finally they both also died. In these way, no one got any money.

Moral : Children ! who do wrong work in their life, they get their punishment in that way only. So, you will not do any robbery or any wrong work in your life otherwise your situation will also like those three thieves.



4 - Fruit of doing wrong things बुराइ का फल

बुराइ का फल

एक नगर था । उस नगर का राजा प्रजावत्सव एवं न्यायप्रेमी था । किंतु उस नगर के अंदर तीन चोर रहते थे । वे धनवान शेठो के वहाँ चोरी करते थे उसी तरह अपना गुजरान चलाते थे । चोरी-लूंटफाट आदि प्रवृत्ति सबसे खराब है, वह इस भव में भी दु:खी करती है एवं मरण भी लाती है और दुसरे भव मे तिर्यंचगति, नरकगति आदि भयंकर गति में लेकर जाती है । बस इसी तरह इन चोरो के जीवन मे घटना हुइ ।

एक रात्रि को तीन चोरो ने एक शेठ के वहाँ चोरी की । चोरी मे उनको ज्यादा धन की प्राप्ति हुइ । धन को थेले मे डालकर तीनो चोर जंगल की ओर भाग गये । तीनो चोरो को जंगल मे भूख लगी । किंतु जंगल मे खाना कहाँ से मिले ? इस लिए आपस मे तय किया की एक चोर पास के गाँव मे खाना लेने जाए । दुसरे दो चोर चोरी का माल का ध्यान रखने के लिए जंगल मे ही रहे । इसी तरह निर्णय करके दो चोर वही रहे और एक चोर गाँव मे खाना लेने के लिए गया । किंतु लालच एक ऐसी चीज है जो न करने के विचार भी मन में उत्पन्न करती है । बस इसी तरह जो चोर खाना लेने जा रहा था उसके मन में कपटी विचार आया । विचार कर के वह थोडा मुस्कुराया । गाँव मे पहुँचकर उसने पहले एक होटल में पेट भरकर खाना खाया । फिर दो साथीदारो के लिए खाना बंधाया और उस भोजन में जहर मिलाया । फिर मन ही मन बोला,''लुच्चो ! भोजन मजे से खाना और मरना, फिर वह सब धन में अकेले ही ले लुंगा ।''

देखा बच्चों ! चोरी के धन से कैसी बुद्धि होती है ? इधर इसका मन खराब हुआ तो उधर जो दो चोर जंगल में बैठे थे, वो क्या कर रहे थे वह सुनो...

इस तरफ जंगल में रहे दोनो चोरो ने भी नक्की किया की वह खाना लेकर जैसे आए कि तुरंत ही उसे मार डाले । फिर वह चोरी का माल हम दो बराबर भाग मे बाँट लेंगे ।

किसी ने ठीक ही कहाँ है '' जैसा अन्न, वैसा मन '' इन्सान जैसा खाता है वैसे ही विचार आते है । चोरी-लूटपाट के पैसे से खाने से मारने के ही विचार आते है ।

